चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 127 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
30 अक्टूबर 2024
बुधवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



## मुख्यमंत्री ने कहा- हम अपनी गौरवशाली परंपराओं को सहेजकर आगे बढ़ रहे

# दीपावली का उत्साह और मप्र स्थापना दिवस का उत्सव शुरू



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दीवाली के उत्साह व तैयारियों के बीच आज मप्र के स्थापना दिवस का उत्सव भी शुरू हो गया है। 1 नवंबर को मप्र का 69वां स्थापना दिवस है। आज मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लालपरेड मैदान पर ध्वाजारोहण व राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरूआत की। इस दौरान मंत्रीकृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय ,विधायक भगवान दास सबनानी, रामेश्वर शर्मा, मुख्यसचिव अनुराग जैन,डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना, एसीएस राजेश राजौरा, शिवसेखर शुक्ला आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री यादव ने इस अवसर पर सेना द्वारा लगाई गई टैंक तथा अन्य सैन्य व युद्ध उपकरणों और सामग्री पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आर्मी बैंड द्वारा मधुर धुनों की प्रस्तुति दी गई। मप्र राज्य गान और प्रदेश के राज्यीय खेल मलखंब का प्रदर्शन भी किया गया। कथक नृत्य के रूप में गणेश वंदना से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां का क्रम आरंभ हुआ। वहीं श्री ईएमई सेंटर भोपाल के मिलिट्री बैंड द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति गीतों की धुनों ने कार्यक्रम में उत्साह ,उमंग और जोश का संचार कर दिया। समारोह के क्रम में 1 नवंबर को रवींद्र भवन में संगीत कार्यक्रम रखा गया है। इसमें गायक अंकित तिवारी प्रस्तुतितयां देंगे। वहीं सुहासिनी जोशी मप्र गान का गायन करेंगी।

**दीवाली की धूम :** कल धनतेरस से शुरू हुआ दीवाली का पर्व का उत्साह घरों से लेकर बाजारों तक देखा जा रहा है। राजधानी समेत मप्र के सभी शहरों में बाजार गुलजार हैं। भोपाल में आधी राततक खरीद का दौर चला। आज भी बाजार आधी रात तक खुलें रहेंगे। लोगों ने सजावटी सामग्री के अलावा सोने चांदी की पारंपरिक खरीद पर खास जोर दिया है। कपडों व मिठाइयों की दुकानों पर भी खासी रौनक हैं।



### भाव का प्रकटीकरण

मुख्यमंत्री यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपनी गौरवशाली परंपराओं को सहेजते हुए विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। दशहरे पर शस्त्र पूजन और दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा का राज्य शासन द्वारा आयोजन इस बात का प्रतीक है, प्रदेश की स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भी इस भाव का प्रकटीकरण हुआ है। यह विशेषता प्रदेश को विश्व में वैशिष्टय प्रदान करती है।




## अयोध्या में आज रामवाली दीवाली 28 लाख दीये जगमगाएंगे

**अयोध्या।** अयोध्या में आज 500 साल बाद राम वाली दिवाली है। अपने आराध्य के स्वागत में रामनगरी को खासतौर पर तैयार किया गया है। नए मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ये पहली दिवाली है इसलिये तैयारियां भी भव्य और दिव्य की गई हैं। सड़कें सज-धजकर तैयार हैं. शहर के गली-चौराहे से लेकर सरयू नदी के घाट भी रोशनी से जगमग हैं। आज ये घाट 28 लाख दीयों से जगमगाएंगे और लगातार सातवीं बार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराएंगे। शहर में आज भगवान राम के चरित्र की झांकियां भी सजेंगी और भ्रमण करेंगी।

**ग्रीन आतिशबाजी:** अयोध्या की आतिशबाजी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना 120 से 600 फीट की ऊंचाई तक आसमान में बिखरेगी. इस दृश्य को पांच किमी के दायरे में लोग आसानी से देख सकेंगे. शाम को सरयू पुल पर आतिशबाजी के अलावा लेजर शो, फ्लेम शो और संगीत का संगम भी प्रस्तुत किया जाएगा। रामकथा पार्क के पास हैलिपैड पर भरत मिलाप कार्यक्रम होगा. यहां पुष्पक विमान से भगवान राम, लक्ष्मण और मां जानकी आएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वागत करेंगे और रामकथा पार्क में भगवान राम का राज्याभिषेक किया जाएगा। योगी सरयू नदी के तट पर विशेष 'आरती' करेंगे।

## उद्योग जगत ने चिकित्सा उपकरण नीति को बताया खतरा

**नई दिल्ली।** पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और मेडिकल डिवाइसे एसोसिएशन ने कहा है कि नवीकृत एवं पहले से इस्तेमाल किए जा चुके चिकित्सा उपकरणों के आयात की अनुमति भारत को चिकित्सा उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा खतरा है, तथा मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में बाधा है। एसो. ने कहा कि यह मरी?ों की सुरक्षा के संबंध में भी गंभीर मुद्दा है क्योंकि हो सकता है कि नवीकृत किए गए चिकित्सा उपकरण, नव निर्मित उपकरणों की तरह गुणवत्ता के मानकों पर खरे न उतरें। यह नीति भारतीय उद्यमियों के लिए इनोवेशन और निवेश में बाधा उत्पन्न करती है, तथा भारत के प्रतिस्पर्धी मेडकटेक उद्योग के विकास में रूकावट है।

## मप्र कांग्रेस पदाधिकारियों की दूसरी सूची पर भी बवाल

### कई समितियों व सचिवों की नियुक्ति, एक ने दिया इस्तीफा

### मध्यप्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद से मचा बवाल

**भोपाल, एजेंसी।** देर रात पदाधिकारियों की दूसरी सूची आने के बाद और गहरा गया है। देर रात एक लिस्ट जारी की गई है इसमें 25 सदस्यीय पालिटिकल अफेयर्स कमेटी समेत 84 सचिव और 36 संयुक्त सचिव नियुक्त किए गए हैं। पीएसी में कमलनाथ, नकुलनाथ के साथ ही दिग्विजय सिंह को भी शामिल किया गया है। वहीं सचिव बनाए गए मोनू सक्सेना ने पद स्वीकार करने से इंकार कर दिया है, उन्होंने कहा है कि वे पार्टी के लिये काम करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि दूसरी सूची में कमेटियां आदि बनाकर असंतोष दूर करने का प्रयास किया गया है। अब तक उपाधयक्ष रहे जेपी धनोपिया को डिलिमिटेशन कमेटी का संयोजन बनाया गया है। इससे पहले इंदौर के नेता प्रमोद टंडन ने भी पद स्वीकार नहीं किया था और वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने उपाध्यक्ष व महासचिवों की पहली ही सूची पर खुलकर आपत्ति दर्ज कराई थी। **सचिव बने चौहानः** इधर दूसरी सूची में राजधानी के कांग्रेस नेता व पार्षद योगेंद्र चौहान गुड्डु को सचिव बनाया गया है। विजय सिरवैया समेत कई युवाओं को यह पद दिया गया है।

## प्रेम प्रसंग में हिंसक संघर्ष, तीन महिला समेत 5 मौत

**सुंदरगढ।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में बीती रात खौफनाक घटना हुई है। यहां प्रेम प्रसंग को लेकर हिंसक झड़प में तीन महिलाओं समेत 5 लोगों की मौत हो गई, वहीं 4 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद इलाके में दहशत है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि महाराष्ट्र के घुमंतू समूह के अविनाश पवार नाम के व्यक्ति का स्थानीय लोगों के साथ विवाद हो गया था, पवार ने दो शादियां की थीं। दोनों शादियों से उसके बच्चे हैं। विवाद इतना बढ़ गया था कि रात करीब 11 बजे जब घुमंतू समुदाय के लोग सोए हुए थे।

## रेत के नीचे छिपा ईरान के मिसाइल सेंटर पर दो हमले

**यरूशलम, एजेंसी।**

ईरान के सेमनान प्रांत में मौजूद शाहरौद स्पेस सेंटर यानि मिसाइल टेस्टिंग और प्रोडक्शन बेस की मुख्य इमारत में अब इजरायल की एयरस्ट्राइक में खत्म हो चुकी है। ये वही सेंटर है, जहां से अप्रैल और अक्टूबर में ईरान ने सैकड़ों मिसाइलें इजरायल की ओर दागी थीं। इजरायली फाइटर जेट्स ने 2000 किमी दूरी तय करके इन बेस को उड़ा दिया है। सामने आई सैटेलाइट तस्वीरों में शाहरौद सेंटर की बर्बाद मुख्य इमारत साफ दिखाई दे रही है। अब इस सेंटर को जो नुकसान हुआ है, उसे लेकर ईरान की सरकार चुप है। इजरायल के हमले से ठीक पहले ईरान को सिर्फ इतना पता चल पाया था कि इजरायली हमला इलम, खुजेस्तान और तेहरान प्रांत में होगा लेकिन ये आइडिया नहीं था कि इजरायल ग्रामीण सेमनान इलाके में जाकर उनके मिसाइल बेस और स्पेस सेंटर को टारगेट करेगा। बताया जाता है कि इस हमले में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों का 80 फीसदी सॉलिड फ्यूल खत्म हो चुका है, यानी अब वो इतनी ताकत से हमला नहीं कर सकता है, जैसे पहले कर रहा था।

**अवकाश सूचनाः** दीपावली के मौके पर दोपहर मेट्रो कार्यालय में गुरूवार 31 अक्टूबर को अवशका रहेगा। अगला अंक 1 नवंबर को प्रकाशित होगा। आज तकनीकी दिक्कतों के चलते अंक 4 पेज का।





**मेट्रो एंकर**

### 10 को रिटायर होने वाले हैं सीजेआई चंद्रचूड़

## चीफ जस्टिस के 5 दिन व पांच बड़े मामले

**नईदिल्ली. दोपहर मेट्रो।**

चीफ जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ के कार्यकाल के आखिरी पांच दिनों पर अब सभी की निगाहें हैं। क्योंकि वे 10 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे। सीजेआई के पांच और बड़े फैसले सुनाने वाले हैं। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट दीवाली की छुट्टियों के कारण बंद है। अब अदालत 4 नवंबर को खुलेगी। खास बात यह है कि उनके दो साल के कार्यकाल में उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके भारतीय न्यायपालिका को पूरी तरह से बदलने के मिशन को सफलतापूर्वक शुरू किया है। अदालतों को अधिक सुलभ, समावेशी बनाकर नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करने की कोशिश भी की है। इस दौरान अदालत ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता, महिला अधिकार और लैंगिक समानता तथा दिव्यांगों के अधिकारों को बरकरार रखते हुए कई ऐतिहासिक फैसले दिए।अब जिन पांच मामलों पर फैसला आना है उसमें मदरसा शिक्षा की वैधता का केस है। 23 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रखा गया। ये मदरसों, मुस्लिम व्यक्तियों द्वारा दायर अपीलें हैं, जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को रद्द करने को चुनौती देती हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस बात पर जोर दिया था कि धर्मनिरपेक्षता का मतलब है जियो और जीने दो, उनके नेतृत्व वाली पीठ ने शिक्षा में विविध धार्मिक शिक्षा को समायोजित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। पीठ ने कहा, आखिरकार, हमें इसे देश के व्यापक दायरे में देखना होगा। धार्मिक निर्देश केवल मुसलमानों के लिए नहीं हैं। यह हिंदुओं, सिखों, ईसाइयों, बौद्धों आदि के लिए हैं। इसी तरह अलीगढ़ मुस्लिम विवि को अल्पसंख्यक दर्जे पर भी पीठ का फैसला आने वाला है। वहीं एक मामला संपत्ति का पुनर्वितरण का है। इसे लेकर कांग्रेस के विचार पर राजनीतिक विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की पीठ कार्यवाही शुरू की थी। सुनवाई उस समय हुई थी, जब राजनीतिक विवाद चल रहा था। यह तब हुआ जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है, तो देश में लोगों के बीच संपत्ति के वितरण का पता लगाने के लिए वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएगी। इसी तरह दिल्ली रिज ट्री फेलिंग विवाद सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध आदेश का उल्लंघन करते हुए दिल्ली रिज क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई से संबंधित विवाद है। जिसमें दिल्ली एलजी की भूमिका सवालों के घेरे में है।



### एलएमवी लाइसेंस का दायरा

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आए इस मामले में 21 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा गया था। मुद्दा यह है कि क्या 'लाइट मोटर व्हीकल' (एलएमवी) के संबंध में ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति, उस लाइसेंस के बल पर, 7500 किलोग्राम से अधिक वजन वाले 'लाइट मोटर व्हीकल क्लास के परिवहन वाहन' को चलाने का हकदार हो सकता है।







## धनतेरस पर बरसा धन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** धनतेरस पर शहर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपनी पसंद का सामान शुभ मुहूर्त में खरीदा। बाजारों में ग्राहकी के ट्रेंड के साथ ही कारोबार का भी आकलन किया।

### पैथोलॉजी लैब व पैथोलॉजिस्ट को लेकर सख्त हुआ स्वास्थ्य विभाग

# प्रदेश के पैथोलॉजी लैब की होगी जांच, पैथोलॉजिस्ट को बताना होगा कहां दे रहे सेवाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में संचालित हो रहे पैथोलॉजी लैब और पैथोलॉजिस्ट को लेकर एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग सख्त हो गया है। विभाग अब इन लैब की जांच की तैयारी कर रहा है। जिसके बाद प्रदेश में बिना पैथोलॉजिस्ट के कोई भी जांच केंद्र प्रदेश में संचालित नहीं होगा। विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

पैथोलॉजिस्ट को 15 दिन के भीतर अपने जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बताना होगा कि वह किन केंद्रों में सेवाएं दे रहे हैं या देना चाहते हैं। एक पैथोलॉजिस्ट मात्र दो जांच केंद्रों में अपनी सेवाएं दे सकता है। इसमें एक तो उसका खुद का पैथोलॉजी केंद्र और दूसरा किसी और का हो सकता है। यदि खुद का केंद्र नहीं है, तो अन्य दो केंद्रों में वह सेवाएं दे सकता है।



**यह है स्थिति:** जाकनारों के अनुसार, अभी प्रदेश में बड़ी संख्या में पैथोलॉजी केंद्र लैब टेक्नीशियन ही चला रहे हैं। वह किसी पैथोलॉजिस्ट का डिजिटल सिग्नेचर जांच में प्रिंट कर देते हैं। जांच की गुणवत्ता भरोसे की नहीं होने के कारण नुकसान रोगी को होता है। कई बार दो अलग-अलग जांच केंद्रों की रिपोर्ट अलग-अलग होने की शिकायतें भी आती हैं। कुछ लैब टेक्नीशियन बिना डिजिटल सिग्नेचर के ही रिपोर्ट दे रहे हैं। कई अस्पतालों में भी पैथोलॉजिस्ट नहीं हैं। अब ऐसे केंद्र बंद हो जाएंगे।

# एक हजार करोड़ से चमक उठा बाजार

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

धनतेरस पर शहर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपनी पसंद का सामान शुभ मुहूर्त में खरीदा। बाजारों में ग्राहकी के ट्रेंड के साथ ही कारोबार का भी आकलन किया। बर्तन, मिठाई, पटाखे, रंग-रोगन, फर्नीचर जैसे सेक्टरों की दुकानें सुबह 9 बजे से ही खुलना शुरू हो गई थी। इसके बाद सुबह 10.30 बजे के शुभ मुहूर्त के चलते पुराने सराफा बाजार की लगभग सभी दुकानें खुल गई थी। ऑटोमोबाइल सेक्टर में दोपहर 12 बजे के आसपास पसंदीदा वाहन खरीदने वालों की भीड़ बढ़ गई जो देर शाम तक चलती रही। बाजारों में सुबह 11 बजे तक 20 फीसदी ही कारोबार रहा। इसके बाद दोपहर में 50 और इसके बाद शाम तक करीब 80 फीसदी कारोबार हुआ जो दुकानें मंगल होने तक चलती रही। एक मोटे अनुमान के आधार पर राजधानी और आसपास के बाजारों में धनतेरस का बाजार एक हजार करोड़ रुपए से ऊपर का कारोबार हो गया। इस संबंध में यदि कारोबारियों की माने तो धनतेरस पर गत वर्ष से 20 से 25 फीसदी अधिक कारोबार हर सेक्टर में हुआ था। सराफा कारोबारियों का कहना है कि भले ही सोना गत वर्ष (इन्ही दिनों से लेकर) अब तक करीब 20 हजार, चांदी 27 हजार महंगे हैं, फिर भी लोगों ने धनतेरस पर जमकर सोना-चांदी खरीदा। इसका कारण आगे भाव बढ़ने की उम्मीद है। सराफा कारोबार में करीब 10 किलो सोना व 2 क्विंटल से अधिक चांदी बिकने का अनुमान लगाया गया है। इलेक्ट्रॉनिक कारोबार में बड़े साइज के एलइडी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन, एसी सहित कई आधुनिक गैजेट्स की मांग रही। कारोबारी श्याम बंसल बताते हैं कि फेस्टिव सीजन में कंपनियों सहित शोरूम स्तर पर दिए जाने वाले ऑफर्स का लाभ उपभोक्ताओं को मिलता है। बाजारों में बिजली से जलने वाले झालर, मोम के दीए, मिट्टी के दीए, फूलबत्ती की झालर, कपड़े सहित भगवान की पीतल, मिट्टी, सोना-चांदी की मूर्तियां, रंगोली और वही-खाते की मांग खूब रही।

# अतिशेष में उलझी अतिथियों की व्यवस्था, विभाग अब दीवाली बाद लेगा निर्णय

**स्कूल शिक्षा विभाग ने दो माह पहले शुरू की थी प्रक्रिया, भोपाल में 100 शिक्षक अटके**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग दो माह बाद भी अतिशेष शिक्षकों और अतिथि शिक्षकों की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सका है। ऐसे में स्कूलों में बच्चों की प?ाई प्रभावित हो रही है। एक तरफ अतिशेष शिक्षकों का समायोजन की प्रक्रिया भी चल रही है। विभाग ने सबसे पहले अतिथि शिक्षकों से स्कूलों में खाली पदों की च्वाइस फिलिंग कराई गई। इसके बाद अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग का शिक्षा पोर्टल अपडेट नहीं होने के कारण कई विसंगतियां सामने आ रही हैं। जिन स्कूलों में खाली पदों पर अतिथि शिक्षक पढ़ाने के लिए पहुंचे, वहां पर तीन-चार दिन बाद ही अतिशेष शिक्षक को भेज दिया गया। अब ऐसे में अतिथि शिक्षकों को वहां से हटा दिया गया। ऐसे ही एक अन्य मामले में जिन स्कूलों में पोर्टल पर खाली पद प्रदर्शित हो रहा था, वहां पर अतिथि शिक्षक ज्वाइन करने के लिए पहुंचे तो उस पद पर शिक्षक पढ़ा रहे थे। बता दें कि सरकारी स्कूलों में 33 हजार खाली पदों पर 29 हजार अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए दो लाख 10 हजार आवेदन आए थे।








# इंजुरी टाइम में गोल कर जेरोर्ड ने वेस्ट हैम को दिलाई शानदार जीत

प्रीमियर लीग मुकाबला

**लंदन. एजेंसी**

वेस्ट हैम ने खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को कड़ी टक्कर के बाद 2-1 से शिकस्त दी। हालांकि निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबरी पर था लेकिन इंजुरी टाइम के दूसरे ही मिनट में जेरोर्ड बोवेन ने जलवा दिखाया और जबरदस्त गोल करके वेस्ट हैम को जीत दिला दी। वेस्ट हैम ने इस साल अपने घरेलू मैदान पर पहली बार लगातार दो मैच जीते थे। इससे पहले, वेस्ट हैम ने इप्सविच क्लब को 4-1 से करारी शिकस्त दी थी।

## जोरदार रही टक्कर दी

पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दूसरे हाफ में दोनों टीमें आक्रामक रणनीति के साथ उतरीं। मैच के 74वें मिनट में क्रेसेनसियो सुमरविले ने गोल करके वेस्ट हैम को बढ़त दिला दी, लेकिन छह मिनट बाद ही मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी कासमीरो ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। लेकिन इंजुरी टाइम में जेरोर्ड के गोल से वेस्ट हैम ने जीत हासिल कर ली। वहीं दूसरी ओर चेल्सी ने कोले पलमेर के 47वें मिनट में किए गए शानदार गोल से इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में न्यूकैसल को 2-1 से शिकस्त दी। मई के बाद टूर्नामेंट के पिछले 14 मुकाबलों में चेल्सी की यह 10वीं जीत है। चेल्सी ने निकोलस जैकसन के गोल से 18वें मिनट में ही बढ़त कायम कर ली थी। लेकिन 32वें मिनट में एलेक्जेंडर इसाक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत के दो मिनट बाद ही कोले पलमार ने गोल करके चेल्सी को जीत दिला दी।

### बदलावः भारतीय टीम ने 13 मैचों में सिर्फ एक ड्रॉ खेला

# अब टेस्ट नहीं रहे बोरिंग, बीते डेढ़ साल में 98 में से सिर्फ 3 मैच ड्रॉ

**नईदिल्ली. एजेंसी**

कुछ सालों पहले तक टेस्ट क्रिकेट को बोरिंग समझा जाता था, लेकिन जब से आइसीसी ने टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की शुरुआत की है, तब से क्रिकेट का यह पांच दिवसीय प्रारूप रोमांचक और परिणाम देने वाला बन गया है। यदि डब्ल्यूटीसी के 2023-25 के सर्कल पर नजर डाले तो अभी तक कुल 98 टेस्ट मैच खेले गए हैं। हैरानी की बात यह है कि इसमें से सिर्फ तीन टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं और 95 मैचों का परिणाम निकला है।

**इंग्लैंड ने खेले सर्वाधिक 19 मैचः** डब्ल्यूटीसी सर्कल 2023-25 में इंग्लैंड की टीम ने सर्वाधिक 19 मैच खेले और इसमें सिर्फ एक मुकाबला ड्रॉ रहा। इंग्लैंड की टीम ने नौ मैच जीते और नौ हारे, लेकिन टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की होड़ से बाहर हो चुकी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में खेला गया टेस्ट ड्रॉ रहा, मैच में रन लेते जडेजा व विराट।



### टीम इंडिया दूसरे स्थान पर

इंग्लैंड के बाद भारतीय टीम सर्वाधिक टेस्ट मुकाबले खेलने में दूसरे नंबर पर है। भारतीय टीम ने 13 मैचों में सिर्फ एक ड्रॉ खेला। टीम आठ जीत और चार हार के साथ फाइनल में जगह बनाने की मजबूत दावेदार है। भारतीय टीम दो बार फाइनल में जगह बना चुकी हैं।

### इन पांच टीमों ने नहीं खेला कोई ड्रॉ

जानकारी के अनुसार श्रीलंका, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश ने अभी तक कोई टेस्ट मैच ड्रॉ नहीं खेला है। इन टीमों ने कुल 45 टेस्ट खेले हैं। इन पांच टीमों में से पाक व बांग्लादेश डब्ल्यूटीसी फाइनल की होड़ से बाहर हैं।

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफीः हॉकी टीम घोषित

# सलीमा को महिला टीम की कमान

**नई दिल्ली. एजेंसी**



हॉकी इंडिया ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम घोषित कर दी। टीम की कमान सलीमा टेटे के पास होगी। इस टूर्नामेंट के मैच 11 से 20 नवंबर तक बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी चुनौती मिलेगी।

**भारतीय टीमः** गोलकीपर- सविता व बिचू देवी। डिफेंडर- उदिता, ज्योति, वैष्णवी, सुशीला चानू व इशिका। मिडफील्डर- नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला, मनीषा, सुनेलिता टोप्पो व लालरेम्सियामी। फॉरवर्ड- नवनीत, प्रीति, संगीता, दीपिका व ब्यूटी डुंगडुंग।

### टीम चयन को लेकर थी नाराजगी

## पीसीबी से नाराज होकर गैरी कर्स्टन ने छोड़ा कोच पद

**कराची. एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान की टी-20 और वनडे टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। एक रिपोर्ट के तहत, कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ विवाद के कारण कोच पद छोड़ दिया है। दरअसल, गैरी कर्स्टन ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली आगामी सीरीज के लिए चयन की गई टीम से असहमत थे। यह विवाद तब और बढ़ गया, जब पीसीबी ने कर्स्टन ने टीम के बारे में दिए गए उनके सुझावों पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण कर्स्टन ने पद छोड़ने का फैसला किया। भारतीय टीम को अपनी कोचिंग में 2011 वनडे विश्व कप जिताने वाले गैरी कर्स्टन का पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ दो साल के लिए अनुबंध था।

## शाकिब अल हसन का वनडे सीरीज में खेलना तय नहीं

**ढाका. एजेंसी**



बांग्लादेश क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने संकेत दिया है कि 6 नवंबर से यूएई में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में उनका खेलना अभी तय नहीं है। शाकिब सुरक्षा कारणों से अभी देश से बाहर रह रहे हैं। अगर उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना जाता है तो वो अपनी टीम के लिए खेलने को तैयार हैं।



## मेट्रो बाजार

# 10 साल में 5 गुना बढ़ गए करोड़पति टैक्सपेयर्स, संख्या 2.20 लाख के पार

**नई दिल्ली. एजेंसी**

देश में करोड़पति टैक्सपेयर्स की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। भारत में वित्त वर्ष 2013-14 में करोड़पति टैक्सपेयर्स की संख्या सिर्फ 44,000 थी जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2.2 लाख के पार पहुंच गई। यानी 10 साल में भारतीय अर्थव्यवस्था ने अमीरों पर धन वर्षा कर दी है और करोड़पति टैक्सपेयर्स का संख्या 5 गुना बढ़ी है। एसबीआइ इकोनॉमिक रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, टैक्स सिस्टम में लगातार हो रहे सुधार के चलते डायरेक्ट टैक्स का हिस्सा कुल टैक्स रेवेन्यू में 56.7 फीसदी हो चुका है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 54.6 फीसदी था। यह आंकड़ा 14 साल में सबसे ज्यादा है। पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन ने कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन को पछाड़ दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में मिडिल क्लास सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है। असेसमेंट ईयर 2014 में 1.5 से 5 लाख रुपए की आय वाले लोग असेसमेंट ईयर 2024-25 में 2.5 से 10 लाख रु. वाले आय वर्ग में आ गए। महिला टैक्सपेयर्स की संख्या भी कुल करदाताओं में 15त्न हो गई है। टैक्सपेयर्स की संख्या एक दशक में 2.3 गुना बढ़ा है। 2023-24 में टैक्सपेयर्स बढ़कर 8.62 करोड़ हो गए। आइटीआर फाइल करने वाले 51 फीसदी लोगों की सालाना आय 2.5 लाख से 5 लाख रुपए के बीच थी।




## जियो-हॉटस्टार डोमेन दुबई के बच्चों ने खरीदी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

रिलायंस जियो-हॉटस्टार के लिए डोमेन खरीदने का मामला और उलझता नजर आ रहा है। जियोहॉटस्टार डॉटकॉम डोमेन अब भारत में नहीं, बल्कि दुबई में जिन दो बच्चों के पास है उनके नाम जैनम और जीविका है। जैनम 13 साल और जीविका 10 साल की है। ये दोनों दुबई में अपना यूट्यूब चैनल चलाते हैं। दिल्ली के जिस शख्स (सॉफ्टवेयर डेवलपर) के पास यह डोमेन था, उसने इसे जैनम और जीविका को बेच दिया है। भाई-बहन ने कहा कि जब वे भारत में थे तब उन्होंने इस डोमेन को दिल्ली के सॉफ्टवेयर डेवलपर से खरीदा था। पहले खबरें आई थीं कि इस शख्स ने इस डोमेन के लिए रिलायंस से एक करोड़ रुपए का मांग की थी, लेकिन अब खबरें आ रही हैं कि इस टेक प्रोफेशनल ने जैनम और जीविका को 10 लाख रुपए में ही यह डोमेन बेच दिया है। रिलायंस ने इस मामले में ट्रेडमार्क उल्लंघन को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। यह वेबसाइट तब चर्चा में आई जब पता चला कि डेवलपर ने 2023 में यह डोमेन रजिस्टर किया था, यह उम्मीद करते हुए कि रिलायंस इसे खरीदकर उनकी हाई एजुकेशन के लिए मदद कर सकता है।

## ग्रीन एनर्जी कंपनियों को लिस्ट कराएगा केंद्र

**मुंबई. एजेंसी**

सितंबर तिमाही के फाइनेंशियल रिजल्ट्स आने शुरू हो गए हैं। आने वाले हफ्ते से इसमें तेजी देखने को मिलेगी जब टीसीएस, इरेडा, टाटा एलेक्सी, डीमार्ट और एशियन होटल्स जैसी कंपनियां अपने सितंबर तिमाही के नतीजे पेश करेंगी। नतीजों के एलान से पहले ब्रोकरेज हाउस अपने-अपने अनुमान भी जारी कर रहे हैं। ऐसे ही एक अनुमान के तहत मोतीलाल ओसवाल ने अपने एक रिपोर्ट में कहा कि दूसरी तिमाही के दौरान सरकारी बैंकों के मुनाफे में पहली तिमाही के मुकाबले हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं सालाना आधार पर मुनाफे में बढ़त संभव है। वहीं प्राइवेट बैंकों का प्री-प्रोविजन ऑपरेटिंग प्रॉफिट साल दर साल के आधार पर 12 फीसदी और तिमाही दर तिमाही आधार पर 1 फीसदी बढ़ सकता है। एनालिस्ट्स की ओर से 19 बैंकों के तिमाही नतीजों के अनुमान में कहा गया कि मार्जिन पर दवाब पड़ने से बैंकों का मुनाफा सालाना आधार पर 10 फीसदी पर आ सकता है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## बेटी राहा को कहानियां सुनाने की आदत डाल रही हैं आलिया, बोलीं- माता-पिता को यह करना चाहिए

आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म 'जिगरा' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो चुकी है। यह फिल्म ओपनिंग डे से ही संघर्ष कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई शहरों में पहले दिन ही इसके शो रद्द कर दिए गए, क्योंकि इसे दर्शक नहीं मिल रहे थे। आलिया भट्ट के करियर के लिए यह फिल्म बड़ी फ्लॉप साबित हुई थी। आलिया ने राहा को लेकर एक खुलासा किया है। आलिया भट्ट ने माना कि वह इन दिनों क्रिएटिव हो रही हैं, जब वह अपनी बेटी राहा कपूर के लिए कहानियां बनाने के लिए सोचती हैं। अभिनेत्री ने एक चैट में साझा किया कि कैसे वह रणबीर व बहन शाहीन भट्ट के बारे में कहानियां बनाती हैं, क्योंकि उनकी बेटी उन्हें सुनना चाहती हैं। आलिया ने कहा, मैं अभी उस लेवल पर हूं, जहां मैं राहा के लिए कहानियां बना रही हूं, अचानक वह कहेगी मम्मा, मुझे पापा की कहानी बताओ, फिर मैं रणबीर के बारे में कहानी बनाऊंगी, फिर मैं तन्ना की कहानी बताऊंगी, जैसे वह मेरी बहन को तन्ना बुलाती है, इस तरह मैं सचमुच कहानियां बना रही हूं और मैं सच में बहुत क्रिएटिव बन रही हूं।



## वरुण धवन ने रेड कारपेट पर जैकलीन को लगाया गले, वायरल हो रहा है वीडियो

अभिनेता विक्की कौशल और जैकलीन फर्नांडिस की जोड़ी को पर्दे पर काफी पसंद किया जाता है। दोनों सितारों ने 'डिशूम' और 'जुड़वा 2' जैसी फिल्मों में साथ में काम किया है। जैकलीन और वरुण धवन की जोड़ी को बड़े पर्दे पर इन दोनों फिल्मों में मस्ती करते देखा गया है। हाल ही में दोनों एक दिवाली पार्टी में मिले, जहां उन्होंने एक दूसरो को उत्साह के साथ गले लगाया, इससे उनकी दोस्ती और लगाव को लेकर प्रशंसक चर्चा कर रहे हैं। इस वायरल वीडियो में जैकलीन फर्नांडिस रेड कारपेट पर खड़ीं मीडिया को पोज दे रही थीं। तभी वरुण उनके सामने आए और उन्हें शुभकामना देते हुए गले लगाया। इसके बाद दोनों बॉलीवुड सितारों ने रेड कारपेट पर पोज भी दिए। इस वीडियो में दोनों की दोस्ती साफ नजर आ रही है। वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण धवन इन दिनों सिटाडेल हनी बनी में नजर आ रहे हैं। इसके बाद वह अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में नजर आएंगे, जो 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसके साथ ही वह सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें वह अभिनेत्री जान्हवी कपूर के साथ दिखाई देंगे। अपनी फिल्म को लेकर जान्हवी ने कुछ बातें साझा कीं।

## फिल्म 'स्त्री 2' के फैन हुए अरशद वारसी राजकुमार राव के अभिनय तारीफ भी की



अरशद वारसी अपनी आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी-3 को लेकर काफी खुश हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी आने वाली इस फिल्म के अलावा स्त्री-2 के बारे में भी काफी कुछ कहा। अरशद वारसी ज्यादातर कॉमेडी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। जल्द ही वह अक्षय कुमार के साथ जॉली एलएलबी-3 में साथ दिखेंगे। इस फिल्म में भी दर्शकों को उनका कॉमिक अंदाज नजर आएगा। हाल ही में इस फिल्म से जुड़ी बातचीत के दौरान उन्होंने स्त्री-2 की खूब तारीफ की। उनका कहना है, यह फिल्म देखकर उनका पैसा वसूल हो गया। अरशद वारसी ने इंटरव्यू में कहा कि मैं जब फिल्म स्त्री-2 देखी तो यह फिल्म मुझे खूब पसंद आई। यह एक कमाल की फिल्म है। मुझे लगा कि यह फिल्म देखकर मैंने अपने पैसे का सही इस्तेमाल किया है। इसके अलावा मुझे इस फिल्म में राजकुमार राव बहुत अच्छे लगे वह बहुत ही अच्छे अभिनेता हैं। इस तरह से अरशद ने राजकुमार राव की खूब तारीफ की उनके अभिनय को सराहा। अरशद ने अपनी फिल्म जॉली एलएलबी-3 के बारे में इंटरव्यू में काफी कुछ बताया। एक सीन का जिक्र किया जिसमें उनके और अक्षय के बीच लड़ाई का दृश्य शूट हुआ। इस सीन को करते हुए अरशद को चोट भी आई। लेकिन वह इस सीन से जुड़ी बात बताते हुए काफी खुश नजर आए। वह कहते हैं, मैंने और अक्षय ने लड़ाई का सीन एक ही टेक में कर दिया। लेकिन इस सीन के दौरान मुझे चोट आ गई खून भी काफी निकला। फिल्म जॉली एलएलबी-3 में अक्षय और अरशद का किरदार आमने-सामने हो सकते हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ काम करके अरशद काफी खुश हैं। उनके साथ काम करने को यादगार मानते हैं।

### फोन पर हुई थी युवक और युवती की पहचान

# शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। पिपलानी पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर जबलपुर निवासी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। दोनों की पहचान फोन पर बातचीत करने से हुई थी। बाद में युवक ने शादी का झांसा देकर उसका शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले दिनों शादी करने से इंकार किया तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।**



पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 28 वर्षीय युवती दसवीं तक पड़ाई करने के बाद घरेलू काम करती है। वर्ष 2022 में उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया था। युवती ने बातचीत की तो युवक ने अपना नाम शुभम पुष्कर निवासी जबलपुर बताया। बाद में दोनों के बीच अक्सर फोन पर बातचीत होने लगी। मार्च 2022 में शुभम अपना जन्मदिन मनाने के लिए भोपाल आया था। उसने युवती को एक होटल में जन्मदिन की पार्टी में बुलाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद वह लगातार युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। पिछले दिनों युवती जबलपुर शुभम के घर पहुंची और शादी करने का दबाव बनाया। इस पर शुभम ने अपने परिवार के सामने ही उससे शादी करने से इंकार कर दिया। उसके बाद पीड़िता ने स्थानीय थाने जाकर शुभम के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवा दिया। घटना स्थल भोपाल का पिपलानी थाना क्षेत्र होने के कारण केस डायरी पिपलानी भेजी गई थी, जहां पुलिस ने असल कायमी कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम जल्द ही जबलपुर भेजी जाएगी।

### दस साल के बच्चे के साथ अश्लील हरकत

**भोपाल।** बिलखिरिया पुलिस ने दस साल के बच्चे के साथ अश्लील हरकत करने वाले युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाला दस साल का बालक सोमवार को घर के पास खेल रहा था। इसी बीच मोहल्ले में रहने वाला करण नामक युवक पहुंचा और उसे घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया। सुनसान स्थान पर ले जाकर युवक ने बच्चे के साथ अश्लील हरकत की, जिसके बाद बालक उसके चंगुल से छूटकर भाग निकला और घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। उसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बालकों के संरक्षण अधिनियम और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# तलैया पुलिस ने अवैध गांजे के साथ अधेड़ महिला को पकड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। तलैया पुलिस ने अधेड़ उम्र की एक महिला को पकड़ कर उसके पास अवैध रूप से रखा करीब सात सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। इसी प्रकार कई अन्य लोगों के पास से अवैध शराब जब्त की गई है। पुलिस ने सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिये हैं। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि सेंट्रल लायब्रेरी के पास मौजूद एक महिला के पास अवैध रूप से गांजा रखा हुआ है, जिसे वह बेचने की फिराक में घूम रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदे ही महिला से पूछताछ की तो उसने अपना नाम मुन्नीबाई कुचंबदिया ( 50 ) बताया। तलाशी लेने पर महिला के पास 700 ग्राम गांजा रखा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त हुए गांजे की कीमत 10 हजार पांच सौ रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसी प्रकार अयोध्या नगर पुलिस ने शुक्ला क्रेशर बस्ती के पास ललित विश्वकर्मा ( 32 ) निवासी अयोध्या नगर को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखी 28 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। जब्त हुई शराब की कीमत 2800 रुपए बताई गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।



# फ्लैट के नाम पर साढ़े चौदह लाख रु. की ठगी




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार थाना पुलिस ने रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी की रिपोर्ट पर बिल्डर्स के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने फ्लैट देने के नाम पर साढ़े चौदह लाख लाख रुपये लिए थे, लेकिन फ्लैट बनाकर नहीं दिया। पुलिस के मुताबिक जबलपुर निवासी संजय कुमार जैन रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उन्होंने वर्ष 2011 में बैरागढ़ चीचली स्थित यूनीहोम्स एक फ्लैट बुक कराया था। इस फ्लैट का सौदा करीब 26 लाख रुपये में तय हुआ था। संजय ने बिल्डर को 14। 50 लाख रुपये का भुगतान किया था। बिल्डर ने दो साल के भीतर फ्लैट देने का वादा किया था, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी फ्लैट का पजेशन नहीं मिला। काफी प्रयास करने के बाद भी जब उन्हें रुपये भी नहीं लौटाए गए तो संजय ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने बिल्डर सुमित खनेजा और अमित खनेजा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### अज्ञात व्यक्ति ने युवक पर किया छुरी से हमला

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में एक बदमाश ने एक युवक पर छुरी से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आबिद खान ( 32 ) संजय नगर कालोनी, शाहजहांनाबाद में रहता है और ड्रायवरी करता है। सोमवार की शाम करीब सवा पांच बजे वह प्रिंस स्टोर के पास अपने दोस्त के साथ खड़ा था। इसी बीच दो अज्ञात युवक पहुंचे और दोस्त के साथ गाली-गलौज करने लगे। आबिद ने उन्हें गाली देने से मना किया तो एक युवक ने जेब से छुरी निकाली और आबिद के दाहिने हाथ की कलाई पर मार दिया। छुरी लगने से खून निकलने लगा तो दोनों युवक धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। आबिद ने घटना की जानकारी अपने भाई को दी और उसके बाद थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### एक दर्जन जुआरी चड़े पुलिस के हत्थे

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने यादव डेयरी के पास जुआ खेल रहे नरेंद्र धाकड़, जयकिशन, रूपेश, रोहित और वाहिद को गिरफ्तार कर 3650 रुपए और ताश पत्ते जब्त किए हैं। इसी प्रकार पुष्पा नगर के पास जुआ खेल रहे नीरज, संजय, मोहसिन, नितिन और हितेश को गिरफ्तार कर 4550 रुपए जब्त किए हैं। अयोध्या नगर पुलिस ने एफ-सेक्टर के पास जुआ खेल रहे गोलू देशराज, रोहित झारिया, संदीप पटेल और पंकज को गिरफ्तार कर 930 रुपए और ताश पत्ते जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# पत्नी के बाद पति ने भी ट्रेन से कटकर दे दी अपनी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



ऐशबाग इलाके में सोमवार शाम को एक व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। इसके पहले करवा चौथ पर उसकी पत्नी ने भी ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि दंपति के बीच अक्सर विवाद होता रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात करीब आठ बजे सुभाष नगर ओवर ब्रिज के पास रेलवे पटरी से एक व्यक्ति की लाश बरामद हुई थी। मंगलवार को उसकी पहचान चंद्रमणि उर्फ छोटे पांडे ( 60 ) निवासी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास न्यू सुभाष नगर, संगम कालोनी के रूप में हुई। चंद्रमणि आटो चलाने का काम करते थे। उनकी पत्नी निर्मला पांडे ने विगत बीस अक्टूबर को करवा चौथ के दिन उसी इलाके में ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला चंद्रमणि ने करीब बीस साल पहले निर्मल पांडे से दूसरी शादी की थी। उनके बीच अक्सर विवाद होता रहता था, जिसके चलते निर्मला पांडे ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी। उसके बाद से चंद्रमणि काफी दुखी रहते थे। इसके कारण सोमवार को उन्होंने भी ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी।

### बुजुर्ग जेलबंदी की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** केंद्रीय जेल में बंद एक बंदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अम्बाराम ( 85 ) केंद्रीय जेल भोपाल में सजा काट रहे थे। करीब दस दिन पहले तबीयत बिगडऩे पर उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार को उनकी मौत हो गई।

## महिला से छेड़छाड़ कर की मारपीट, केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** खजूरी सड़क पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ रास्ता रोककर छेड़छाड़ और मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 24 वर्षीय महिला मजदूरी करती है। आरोपी जीतेंद्र पाटीदार काफी समय से महिला पर बुरी नजर रखे हुए था। वह आते-जाते समय उसका पीछा करता था। सोमवार रात करीब दस बजे महिला काम से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में जीतेंद्र मिल गया। उसने बुरी नीयत से महिला का हाथ पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। महिला ने जब इसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी और उसके बाद थाने जाकर जीतेंद्र के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।



## मजदूर ने कीटनाशक पीकर दे दी अपनी जान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव धामनिया में मंगलवार दोपहर एक मजदूर ने कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया लेकर पहुंचे, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। पुलिस के अनुसार उदय सिंह जाटव पिता नवल सिंह जाटव ( 45 ) मूलत~बैरसिया तहसील के एक गांव के रहने वाले थे। इन दिनों वह गांव धामनिया में रह रहेड़थे और मजदूरी कर रहे थे। मंगलवार दोपहर उन्होंने फसल पर छिड़कने वाला कीटनाशक पी लिया। उल्टियां करने पर परिजन उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।





भोपाल। आयुर्वेद हॉस्पिटल में धन्वंतरि जयंती पर धन्वंतरि जी की पूजा अर्चना करते हुए आयुर्वेद हॉस्पिटल के डॉक्टर।

**मेट्रो एंकर** त्योहार पर सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरा पुलिस बल

# शहर में बढ़ रही लूटपाट की वारदातें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



त्योहार को देखते हुए पूरे भोपाल में पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात है। बावजूद इसके अपराधी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं । लूट जैसी वारदात ऐसे वक्त हो तो पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगते हैं। गांधीनगर में हुई चाकू अड़ा कर 3 लाख की लूट की वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं । जिसके चलते अब पुलिस ने अतिरिक्त बल भी सुरक्षा के लिहाज से सड़कों पर उतार दिया है। पिछले तीन महीने में लूट और स्नैचिंग की बड़ी वारदातें भोपाल में देखने को मिली है। भोपाल में दिवाली की खरीदारी के लिए लोग देर रात तक बाजारों में जाते है, लेकिन पुलिस की मौजूदगी सड़कों पर तो दूर बाजारों में भी कम देखने को मिल रही है। वहीं इस मामले को लेकर एडिश्नल पुलिस कमिश्नर अवधेश गोस्वामी का कहना है कि सौ प्रतिशत पुलिस सड़कों पर तैनात है। अतिरिक्त बल सुरक्षा व्यवस्था में लगाया है। पेट्रोलिंग बढ़ाई है। जो वारदातें हुई है उन्हें जल्द सुलझा लिया जाएगा।

### भोपाल में पिछले कुछ महीने में हुई लूट और स्नेचिंग की घटनाएं

**केस 1–** गांधीनगर में चाकू अड़ा कर शोरूम के मैनेजर के साथ 3 लाख की लूट की वारदात हुई।

**केस 2–** एक दिन में दो बदमाश 4 मोबाइल फोन झपट कर पूरे भोपाल में घूमते रहे आखरी वारदात के दौरान फरियादी ने पीछा कर एक आरोपी को पकड़ा।

**केस 3–** 19 अक्टूबर को गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में छात्रा से 2 बदमाश मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए।

**केस 4–** अगस्त माह में बागसेवनिया में ज्वेलरी शॉप में लूट की वारदात को अंजाम दिया गया ।

**केस 5–** अगस्त माह में सांसद विधायकों के अपार्टमेंट वाले गोविंदपुरा क्षेत्र के रचना टॉवर में 12 लाख की लूट हुई ।

## सब इंस्पेक्टर पर किया रॉड से हमला, पैर में आए पांच फ्रेक्चर

### दुकान खाली करवाने को लेकर हुआ विवाद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



पुलिस मुयालय के डीएसबी में पदस्थ 57 वर्षीय एक सब इंस्पेक्टर को उसके पुराने किराएदार ने रॉड से इतनी बुरी तरह से मारा कि एसआई के पैरों में 5 फ्रेक्चर आ गए। वहीं उनके बेटे को भी घायल कर दिया। सब इंस्पेक्टर देवलाल परिहार की बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित पटेल नगर में दुकानें हैं, जिसमें से एक दुकान उन्होंने 10 साल पहले सुमित पटेल को किराये पर दी थी । कुछ सप्ताह पहले देवलाल परिहार ने किराया बढ़ाया था, जिसके चलते आरोपी सुमित ने दुकान खाली कर दी। जब दुकान किसी और को किराए पर दी गई तो आरोपी ने अपना सामान दुकान के सामने रख दिया। देवलाल परिहार ने जब आरोपी को सामान हटाने के लिए बोला तो सुमित पटेल ने सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे एसआई को दुकान के पास बुलाकर रॉड से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने घायल सब इंस्पेक्टर और उनके बेटे को अस्पताल पहुंचाया। आरोपी सुमित के साथ 7 से 8 आरोपी थे जिनकी तलाश पुलिस कर रही है ।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022